>

Title:Need to review the sharing of Betwa river water between Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.

श्री चन्द्रपाल सिंह यादव (झांसी) : महोदय, बेतवा नदी के पानी का बंटवारा उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच बहुत पहले हुआ था। मध्य प्रदेश अपने पानी का उपयोग नहीं कर पा रहा है उत्तर प्रदेश में झांसी जिले के बबीना ब्लाक से गुजरने वाली नहरों के पानी को गांव के किसान बहते हुए देख सकते हैं पर उसका उपयोग नहीं कर सकते जिससे बबीना ब्लाक का बहुत बड़ा भूभाग पानी से वंचित है। पानी के अभाव से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। पुराने बंटवारे को निरस्त कर नए बंटवारे की आवश्यकता है।

मेरा आपसे अनुरोध हे कि उत्तर प्रदेश को बेतवा नदी का पानी किसानों की आवश्यकतानुसार सुनिश्चित कराया जाये तथा नए सिरे से बंटवारे हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जायें।